हरिभूमि

सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 1 नवंबर 2026

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 मुलाकात में परेशानी, अवैध गतिविधियों का आरोप, एसडीएम...



09 हरदीप पुरी की राज्यसभा उम्मीदवारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन...







आष्टा विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय

विधायक, जननायक

मा. श्री

गोपाल सिंह

जी इंजीनियर

को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

धनतेरस, दीपावली एवं

भाई दूज के पावन पर्व की

हार्दिक बधाई एवं

मंगलमय शुभकामनाएँ!







निवेदक - समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा

क्षेत्र 157 आष्टा जिला- सीहोर (म.प्र.)

गोपाल सिंह इंजीनियर

विधायक

विधानसभा क्षेत्र 157 आष्टा, जिला- सीहोर (म.प्र.)

खबर संक्षेप



15 दिन से बंद निजी स्कूल, फीस भरकर भी पढ़ाई से वंचित विद्यार्थी

देवास। निजी स्कूलों की मनमानी का खामियाजा अब विद्यार्थियों को भुगतना पड़ रहा है। शहर का श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल पिछले 15 दिनों से अधिक समय से बंद है। स्कूल प्रबंधन की ओर से बंद होने का स्पष्ट कारण नहीं बताए जाने से अभिभावक परेशान हैं। मामले को लेकर अभिभावकों और कांग्रेस पदाधिकारियों ने जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्कूल तत्काल शुरू कराने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि स्कूल प्रबंधन की ओर से संस्थान बंद रखने का कोई स्पष्ट कारण नहीं बताया जा रहा है। कांग्रेस नेता जितेंद्र सिंह गौड़ ने कहा कि अभिभावकों द्वारा पूरी फीस जमा किए जाने के बावजूद बच्चों को नियमित शिक्षा नहीं मिल रही है। वहीं, नीरज नागर ने बताया कि जब अभिभावक अपनी समस्या लेकर स्कूल पहुंचे तो वहां न तो संचालक अनवर खान मौजूद थे और न ही प्रिंसिपल। ज्ञापन के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी से मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर स्कूल दोबारा शुरू कराने संचालक और प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई।

एनसीसी कैडेट्स ने जरूरतमंद बच्चों को बांटी शैक्षणिक सामग्री

सीहोर। सामाजिक सेवा और मानवीय संवेदनाओं का परिचय देते हुए शारदा विद्या मंदिर सीहोर की 4 एमपी गर्ल्स बटालियन भोपाल की एनसीसी कैडेट्स ने मुल्ला खुर्द स्थित शासकीय स्कूल में जरूरतमंद बच्चों को शैक्षणिक एवं उपयोगी सामग्री वितरित की। इस दौरान कैडेट्स ने बच्चों को स्कूल बैग, कपड़े, ज्योमेट्री बॉक्स, पानी की बोतलें, स्वेटर, खिलौने, किताबें, कॉपियां सहित अन्य आवश्यक सामग्री भेंट की। सामग्री वितरण के दौरान एनसीसी कैडेट्स ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें नियमित रूप से स्कूल आने, मन लगाकर पढ़ाई करने तथा जीवन में शिक्षा का महत्व समझाते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस पहल से बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। इस सामाजिक सेवा अभियान का नेतृत्व विद्यालय की एनसीसी ऑफिसर सेकंड ऑफिसर सोनम सेन ने किया। इस अवसर पर शासकीय स्कूल के वरिष्ठ शिक्षक योगेश शर्मा एवं नगर पालिका कार्यकर्ता राहुल ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उपजेल में अधिवक्ताओं का हंगामा, जेलर की कार्यप्रणाली पर लगाए गंभीर आरोप

मुलाकात में परेशानी, अवैध गतिविधियों का आरोप, एसडीएम ने किया निरीक्षण

जेलर की अनुपस्थिति पर उठाए सवाल, जेलर ने स्वास्थ्य करणों का दिया हवाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

उपजेल बागली की व्यवस्थाओं और जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया। अभिभाषक संघ ने जेलर संजय शर्मा और जेल स्टाफ के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए जेल परिसर में नारेबाजी की और अपनी नाराजगी जताई। इसके बाद अधिवक्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवम यादव को लिखित शिकायत सौंपकर मामले की जांच और उचित कार्रवाई की मांग की। अधिवक्ताओं ने बंदियों से मुलाकात में परेशानी, जेलर की अनुपस्थिति और लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थ प्रहरी-संत्रियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए।

मुलाकात में परेशानी, लेनदेन के आरोप

अभिभाषक संघ द्वारा 30 अक्टूबर 2026 को सौंपे गए शिकायत पत्र में आरोप लगाया गया है कि अधिवक्ताओं को अपने विचाराधीन बंदी पक्षकारों से मुलाकात करने में अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं का कहना है कि वे कानूनी सहायता और प्रकरण से संबंधित जानकारी के लिए जेल पहुंचते हैं, लेकिन उन्हें इंतजार और असुविधा का सामना करना पड़ता है। अधिवक्ताओं ने जेल प्रशासन पर नियमों के विपरीत गतिविधियां संचालित होने के आरोप भी लगाए हैं। उनका



आरोप है कि बंदियों से मुलाकात और बाहर से सामान पहुंचाने के मामले में कथित रूप से नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। यहां तक कि इन गतिविधियों के एवज में लेनदेन होने की बात भी शिकायतकर्ताओं ने उठाई है।

जेलर की अनुपस्थिति पर भी उठाए सवाल

अधिवक्ताओं ने जेलर संजय शर्मा की अनुपस्थिति पर भी आपत्ति जताई। उनका कहना था कि जब वे अपने पक्षकारों से मिलने जेल पहुंचते हैं, उस दौरान जेलर मौजूद नहीं रहते, जिससे परेशानी होती है। इस संबंध में जेलर संजय शर्मा से फोन पर चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि वे स्वास्थ्य संबंधी काम से देवास आए हुए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अवकाश पर नहीं हैं।

जेलर बोले-नियमों के तहत होती हैं मुलाकातें

बंदियों से मुलाकात और उनके लिए पर्ची अथवा अन्य सामान पहुंचाने के संबंध में जेलर संजय शर्मा ने कहा कि जेल में सभी मुलाकातें निर्धारित नियमों और प्रक्रिया के तहत कराई जाती हैं। बंदियों तक कोई पर्ची या सामान पहुंचाने के लिए भी तय प्रक्रिया का पालन करना आवश्यक है। जेल प्रशासन द्वारा इन्हीं नियमों के अनुसार व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है।

10 साल से अधिक समय से पदस्थ कर्मचारियों पर भी सवाल

अधिवक्ता संघ ने उपजेल में लंबे समय से पदस्थ प्रहरी और संत्रियों की पदस्थापना का मुद्दा भी उठाया है। जानकारी के अनुसार कुछ कर्मचारी 10 साल से अधिक समय से बागली उपजेल में पदस्थ हैं। अधिवक्ताओं ने इन कर्मचारियों की पदस्थापना और कार्यप्रणाली की समीक्षा करने की मांग की है। अधिवक्ता मुकेश गुर्जर ने भी जेल प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अधिवक्ताओं को अपने पक्षकारों को कानूनी सहायता देने के लिए जेल जाना पड़ता है। ऐसे में मुलाकात की व्यवस्था पारदर्शी होनी चाहिए और अधिवक्ताओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए।

अभिभाषक संघ की शिकायत के बाद एसडीएम ने किया उपजेल का निरीक्षण

अभिभाषक संघ की शिकायत के बीच एसडीएम शिवम यादव ने शुक्रवार को बागली उपजेल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अब अधिवक्ताओं द्वारा लगाए गए आरोपों और जेल प्रशासन के पक्ष के बीच प्रशासनिक जांच महत्वपूर्ण हो गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि शिकायत में लगाए गए आरोपों में कितनी सच्चाई है और व्यवस्थाओं में सुधार के लिए क्या कदम उठाए जाते हैं।

दूध टैंकर की टक्कर से मां-बेटी की दर्दनाक मौत, मौसा घायल

भोपाल बायपास पर हुआ सड़क हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शुक्रवार दोपहर भोपाल बायपास पर रफ्तार का कहर एक परिवार पर कहर बनकर टूटा। दूध के तेज रफ्तार टैंकर ने बाइक को ऐसी टक्कर मारी कि मां-बेटी सड़क पर जा गिरीं और टैंकर का पहिया दोनों को कुचलता हुआ निकल गया। हादसे में मां की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रही बेटी ने जिला अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक हादसे में बाइक चला रहे मौसा भी घायल हो गए।जानकारी अनुसार, शादीखेड़ा निवासी 19 वर्षीय पायल कुशवाह कुछ दिनों से बीमार थी। शुक्रवार को उसकी मां शांताबाई कुशवाह और मौसा पप्पू कुशवाह उसे बाइक से देवास के एक निजी अस्पताल में चेकअप के लिए लेकर जा रहे थे। इसी दौरान भोपाल बायपास पर तेज रफ्तार दूध टैंकर ने उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही तीनों सड़क



पर गिर पड़े। इसी बीच टैंकर का पहिया शांताबाई और पायल के ऊपर से गुजर गया।हादसे में शांताबाई की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पायल ने जिला अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं, घायल पप्पू कुशवाह का उपचार जारी है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। हादसे के बाद परिवार में शोक का माहौल है।

आबकारी विभाग ने कार्रवाई कर प्रकरण किए दर्ज

देवास। जिले में आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, संग्रहण, विक्रय एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में शुक्रवार को सहायक आबकारी आयुक्त द्वारा गठित आबकारी दलों ने शहर के होटल एवं ढाबों पर सघन जांच की। साथ ही भौंरासा कंजर डेरा एवं सियापुरा में दबिश देकर सर्चिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान 80 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 2400 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। इस कार्रवाई में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) के तहत कुल 10 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जब्त सामग्री का अनुमानित बाजार मूल्य 2 लाख 56 हजार रुपये है।उक्त कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी दिलीप कनासे, महेश पटेल उपनिरीक्षक प्रेम यादव, कैलाश जामोद सहित अन्य शामिल रहे।

युवा सृजन संवाद के माध्यम से युवाओं को सामाजिक उत्तरदायित्व और सकारात्मक परिवर्तन का संदेश

सीहोर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, सीहोर में आज दिनांक 31 अक्टूबर 2026 को मध्य प्रदेश शासन के पुलिस विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यक्रम का समापन समारोह गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में पुलिस अधीक्षक महोदया सोनाक्षी श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने मुख्य उद्बोधन में विद्यार्थियों एवं युवाओं को संबोधित करते हुए जन सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता, नागरिक कर्तव्यों तथा समाज के प्रति युवाओं की जिम्मेदारियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि समाज में शांति, सुरक्षा एवं सकारात्मक वातावरण बनाए रखने के लिए युवाओं की सक्रिय सहभागिता अत्यंत आवश्यक है। युवा वर्ग अपनी ऊर्जा, प्रतिभा एवं रचनात्मक सोच के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने युवाओं को कानून के प्रति जागरूक रहने, सामाजिक बुराइयों से दूर रहने तथा जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य एवं कार्यक्रम के संरक्षक डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने अपने उद्बोधन में युवाओं के सर्वांगीण विकास, सामाजिक चेतना एवं राष्ट्र निर्माण में उनकी



भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि युवा किसी भी राष्ट्र की अमूल्य पूंजी होते हैं। उनकी सकारात्मक सोच, अनुशासन, रचनात्मकता एवं सामाजिक प्रतिबद्धता से ही एक सशक्त, सुरक्षित एवं समावेशी समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी सजग रहें तथा समाज में जागरूकता एवं सकारात्मक परिवर्तन के संवाहक बनें।

इस अवसर पर पुलिस विभाग की ओर से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे सहित पुलिस विभाग की संपूर्ण टीम की गरिमामयी सहभागिता रही। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारीगण, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी तथा भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की विशेष उपलब्धि विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण एवं सक्रिय सहभागिता रही। विद्यार्थियों ने पूरे अनुशासन एवं समर्पण के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। जन सुरक्षा, सामाजिक सद्भाव, नागरिक जागरूकता तथा समाज के प्रति उत्तरदायित्व जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आयोजित इस संवाद ने विद्यार्थियों को अपने सामाजिक दायित्वों के प्रति चिंतनशील एवं जागरूक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के सफल संचालन, समन्वय एवं आयोजन में लेफ्टिनेंट डॉ. कमलेश अहिरवार, डॉ. तिमोथियुस एक्का (इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी प्रभारी), श्याम कुमार, सुप्रिया गुप्ता एवं सीनिका सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समापन अवसर पर इस बात पर विशेष बल दिया गया कि जन सुरक्षा केवल पुलिस प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक का नैतिक एवं सामाजिक दायित्व भी है। विशेष रूप से युवाओं को कानून के प्रति सम्मान, सामाजिक अनुशासन, आपसी सहयोग एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से सुरक्षित एवं जागरूक समाज के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।

दोराहा पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार 12 फरार



सीहोर। दोराहा में मदरसे के पास मौजूद जमीन के सीमांकन के दौरान किए गए हवाई फायर और जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी पुलिस ने शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक इस मामले के तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जिसमें मुजीब और रेहान शाहरुख शामिल है। घटना को अंजाम देने वाले 12 आरोपी फरार बताए जा रहे हैं पुलिस के द्वारा फरार आरोपियों की भी सर गर्मी से तलाश की जा रही है। बताया जाता है कि उक्त आरोपी घरों में ताला डालकर रफू चक्कर हो गए हैं। इस मामले में फरियादी बनकर दोराहा तहसीलदार एस आर देशमुख ने आरोपी अहमद खान असद खान इरशाद खान रेहान खान सुफियान रिजवान इरफान वसीद शारिक आसिफ मुजिम फरहान अब्दुल वाजिद फकीर अली अन्य 25-30 लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कराई है। दोराहा थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि पुलिस ने तहसीलदार दोराहा के द्वारा सीमांकन की कार्रवाई करते समय शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना गाली गलोज करना अज्ञात व्यक्ति द्वारा फायर करने को लेकर अपराध क्रमांक 236/ 26 धारा 221,132,351,352,3/5 का मुकदमा पंजीबद किया है। इस मामले से संबंधित मुख्य फरियादी फराज पिता रईस पिता शेख दौलत निवासी दोराहा हाल मुकाम भोपाल का इलाज पुलिस के द्वारा जिला अस्पताल में कराया गया है। मेडिकल रिपोर्ट में फरियादियों के शरीर पर गंभीर चोटे पाई गई हैं। फरियादियों का आरोपी अपराधी प्रवृत्ति के लोग हैं फरार आरोपियों से उनको और परिजनों को जान का खतरा बना हुआ है।

राजस्व वसूली से लेकर बिजली आपूर्ति तक कार्यों की हुई समीक्षा

सीहोर। वितरण केंद्र अमलाहा, में 30 अक्टूबर को प्रबंध संचालक द्वारा विभागीय कार्यों एवं प्राथमिकताओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में राजस्व वसूली, बकाया राशि, ई-ऑफिस प्रणाली, उपभोक्ता बिल सुधार, डीआरए कार्रवाई सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में चालू माह एवं लंबित राजस्व वसूली के निर्धारित लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त करने तथा बड़े बकायादारों से वसूली के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों को अद्यतन बकाया सूची तैयार रखने और लंबे समय से लंबित मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करने को कहा गया।सभी पत्राचार एवं फाइलों का संचालन ई-ऑफिस प्रणाली से करने तथा भौतिक फाइल पेंडिंग तत्काल बंद करने के निर्देश दिए गए। वहीं उपभोक्ताओं की बिल संबंधी शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने और औसत एवं त्रुटिपूर्ण बिलों की समीक्षा कर



वास्तविक खपत के अनुसार बिलिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

इसके अलावा डिफॉल्टर उपभोक्ताओं के विरुद्ध नियमानुसार विद्युत विच्छेदन एवं वसूली कार्रवाई, वितरण ट्रांसफार्मरों का जीआईएस एवं भौतिक सर्वे, लोड बैलेंसिंग तथा उपभोक्ताओं की टैगिंग समय-सीमा में पूरी करने के निर्देश दिए गए। क्षेत्र के प्रत्येक घर का सर्वे कर अवैध कनेक्शनों को नियमित करने और अनमीटर्ड कनेक्शनों को मीटरयुक्त बनाने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में सभी उपभोक्ताओं का आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण करने तथा फील्ड स्टाफ को प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में शासकीय स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों के विद्युत कनेक्शनों का भौतिक सत्यापन किया गया। मौके पर उपस्थित स्टाफ से विद्युत प्रदाय की जानकारी ली गई तथा विद्यार्थियों से सीधे संवाद कर उनके गांवों एवं घरों में बिजली आपूर्ति की वास्तविक स्थिति जानी गई।प्रबंध संचालक ने सभी कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने तथा विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर योग साधकों ने ली एकता की शपथ

सीहोर। राष्ट्रीय एकता दिवस और देश के पहले गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती शनिवार को मनाई जा रही है। इस खास अवसर पर पुलिस लाइन ग्राउंड पर प्रतिदिन योग की पाठशाला लगाने वाले योग साधकों ने एक अनूठी पहल की। योग साधकों ने सरदार पटेल के सपनों के अखंड और मजबूत भारत के निर्माण का संकल्प लेते हुए राष्ट्रीय एकता की शपथ ली। बता दें पुलिस लाइन ग्राउंड पर प्रतिदिन सुबह योग की एक विशेष पाठशाला संचालित की जाती है, जहां योग साधक स्वास्थ्य लाभ लेते हैं। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर योग सत्र की शुरुआत विशेष रूप से राष्ट्र और एकता को समर्पित रही। योग साधकों ने ग्राउंड पर एकत्रित होकर विभिन्न योग आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। कार्यक्रम के दौरान योग को जीवन का विशेष हिस्सा बताते हुए इसके महत्व पर विस्तृत चर्चा की गई। योग गुरू दिनेश शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार योग हमारे शरीर के अंगों को जोड़कर एक स्वस्थ और संतुलित जीवन प्रदान करता है, ठीक उसी प्रकार अनुशासन और सद्भाव समाज और देश को एकजुट रखते हैं। कपिल सूर्यवंशी ने सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने देश की रियासतों को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत का निर्माण किया था। आज के समय में शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना ही देश सेवा का एक सशक्त माध्यम है। नियमित योग अभ्यास से न केवल शरीर रोगमुक्त रहता है, बल्कि यह व्यक्ति के भीतर सकारात्मक ऊर्जा और राष्ट्रभक्ति की भावना को भी प्रबल करता है। योग सत्र में पुलिस लाइन ग्राउंड योग की पाठशाला के सदस्य राजकुमार राठौर, वीरेन्द्र सिंह, भारत सिंह चौहान, सुभाष शर्मा, बाबूलाल मेवाड़ा, हनुमत मेवाड़ा, राजेश खंडेलवाल, चरण सिंह राजपूत, मांगीलाल मालवीय, राजेश गुप्ता, विशाल राठौर और फूल सिंह गौर सहित बड़ी संख्या में योग प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी साधकों ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए पूरी निष्ठा के साथ कार्य करने का संकल्प दोहराया।

राष्ट्र निर्माण और देश की एकता-अखंडता में दोनों नेताओं के योगदान को किया याद

जिला कांग्रेस कार्यालय में मनाई इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि और सरदार पटेल की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, न्यू बस स्टैंड सीहोर में पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि तथा लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती सहित उपस्थित कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और कुशल नेतृत्व से देश की रियासतों का एकीकरण कर अखंड भारत के निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। वहीं, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश की एकता



और अखंडता की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। दोनों नेताओं का राष्ट्र निर्माण में योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा।

इस दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने कहा कि इंदिरा गांधी के कार्यकाल में भारत ने सैन्य शक्ति, परमाणु क्षमता और कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। हरित क्रांति के माध्यम से देश को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए। वहीं सरदार पटेल की प्रशासनिक क्षमता, राष्ट्र के प्रति समर्पण और मजबूत संकल्प ने आधुनिक भारत की नींव को मजबूत किया। कार्यक्रम में उपस्थित कांग्रेस नेताओं ने दोनों महान विभूतियों के आदर्शों पर चलने तथा देश की एकता, अखंडता, संप्रभुता और आपसी भाईचारे को बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ कांग्रेस नेता, शहर एवं ब्लॉक पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर प्रमुख रूप से विवेक राठौर, घनश्याम यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, राहुल यादव, सीताराम भारती, ओमबाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, सुनील दुबे, हफीज चौधरी, रामायण प्रसाद शुक्ला, अरूण राय, मांगीलाल टिमरई, रामभजन राय, संतोष सिंह, के.के.रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, आसिफ अंसारी, अजय रैकवार, हरिओम सिसोदिया, सुयश तोमर, ममता शर्मा, प्रवेश परिहार, तनिष्क त्यागी, विवेक टाँक, अभिषे लोधी, जतिन परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसन उपस्थित रहे।

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की यात्रा का सीहोर सेवादल ने किया स्वागत

सीहोर। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की उज्जैन से अयोध्या के लिए प्रस्तावित सत्य सनातन स्वाभिमान बचाओ यात्रा के राजगढ़ पहुंचने पर सीहोर जिला कांग्रेस सेवादल के अध्यक्ष नरेंद्र खंगराले के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इस दौरान सेवादल के कार्यकर्ता राजगढ़ से कालीपीठ तक आयोजित पदयात्रा में भी शामिल हुए।

यात्रा के दौरान अमृता सिंह, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष गोविंद गोयल का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। नरेंद्र खंगराले के नेतृत्व में सीहोर से पहुंचे कांग्रेस सेवादल के कार्यकर्ताओं ने यात्रा में सहभागिता कर अपना समर्थन व्यक्त किया। इसके पश्चात जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेंद्र



खंगराले के नेतृत्व में कार्यकर्ता रविवार 1 नवंबर 2026 को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली कांग्रेस की रैली में शामिल होने के लिए राजगढ़ से ट्रेन द्वारा दिल्ली रवाना हुए।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के आह्वान पर आयोजित इस रैली में वोट चोर, गद्दी छोड़, देश बचाओ, स्वाभिमान बचाओ जैसे नारों के साथ चुनावी प्रक्रिया से जुड़े मुद्दे उठाए जाएंगे।

कांग्रेस नेताओं द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग भी रैली के माध्यम से उठाई जाएगी। इस अवसर पर नरेंद्र खंगराले के साथ सीहोर जिला कांग्रेस सेवादल के अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



शाहगंज आईटीआई में आयोजित रोजगार मेले में 44 युवाओं का चयन

सीहोर। युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने एवं उन्हें निजी क्षेत्र में रोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय, सीहोर एवं शासकीय आईटीआई शाहगंज के संयुक्त तत्वावधान में 30 अक्टूबर को शासकीय आईटीआई शाहगंज में रोजगार मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में 4 कंपनियों ने सहभागिता की, जिनके माध्यम से रोजगार प्राप्त करने के इच्छुक 164 युवक-युवतियों ने भाग लिया। रोजगार मेले में कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभागियों का साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इस प्रक्रिया के माध्यम से 44 युवक-युवतियों का प्राथमिक रूप से चयन किया गया। रोजगार मेले के माध्यम से युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ ही उन्हें रोजगार से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।

न्यू बस स्टैंड पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए

हरदीप पुरी की राज्यसभा उम्मीदवारी के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन, फूंका पुतला

एप्सटीन फाइल्स विवाद को लेकर भाजपा पर साधा निशाना, न्यू बस स्टैंड पर कार्यकर्ताओं ने की जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





मध्य प्रदेश से केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को राज्यसभा उपचुनाव का प्रत्याशी बनाए जाने के बाद प्रदेश की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सीहोर के न्यू बस स्टैंड पर भाजपा के फैसले के विरोध में प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी का पुतला दहन किया।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने एप्सटीन फाइल्स विवाद का मुद्दा उठाते हुए भाजपा नेतृत्व पर निशाना साधा। राजीव गुजराती ने आरोप लगाया कि विवादों में नाम आने के बावजूद हरदीप सिंह पुरी को मध्य प्रदेश से राज्यसभा भेजने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने इसे प्रदेश की जनता का अपमान बताते हुए भाजपा सरकार के फैसले पर सवाल खड़े किए।

न्यू बस स्टैंड पर आयोजित प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तख्तियां लेकर भाजपा सरकार और केंद्रीय मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान 'हरदीप पुरी मुर्दाबाद' और 'हरदीप पुरी कौन है, एप्सटीन का दोस्त है। जैसे नारों से क्षेत्र गूंज उठा। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर अपना विरोध दर्ज कराया।

उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की रिक्त राज्यसभा सीट पर 12 नवंबर को उपचुनाव प्रस्तावित है। भाजपा ने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को अपना प्रत्याशी बनाया है। कांग्रेस ने उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध तेज कर दिया है। सीहोर में हुए प्रदर्शन से स्पष्ट है कि कांग्रेस इस मुद्दे को लेकर प्रदेश की राजनीति में भाजपा को घेरने की रणनीति पर काम कर रही है। प्रदर्शन में जिला कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से विवेक राठौर, घनश्याम यादव, प्रीतम दयाल चौरसिया, राजाराम बड़े भाई, राहुल यादव, सीताराम भारती, ओमबाबा राठौर, राजेश भूरा यादव, सुनील दुबे, हफीज चौधरी, रामायण प्रसाद शुक्ला, अरूण राय, मांगीलाल टिमरई, रामभजन राय, संतोष सिंह, के.के. रिछारिया, तुलसी राजकुमार राठौर, भगत सिंह तोमर, कमलेश चाण्डक, संतोष मालवीय, आसिफ अंसारी, अजय रैकवार, हरिओम सिसोदिया, सुयश तोमर, ममता शर्मा, प्रवेश परिहार, तनिष्क त्यागी, विवेक टाँक, अभिषे लोधी, जतिन परमार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसन उपस्थित रहे।

होटल में जुआ खेलते 5 लोग पकड़ाए पुलिस ने 10 लाख 85 हजार रुपए और ताश के पत्ते जब्त किए



सीहोर। कोतवाली पुलिस ने इंदौर-भोपाल हाईवे पर बायपास स्थित एक होटल में जुआ खेलते 5 लोगों को पकड़ा। पुलिस ने मौके से 10 लाख 85 हजार रुपए नकद और ताश के पत्ते जब्त किए हैं। पकड़े गए लोगों के खिलाफ कोतवाली थाने में पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 3/4 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मुखबिर की सूचना पर होटल में दबिश

पुलिस के मुताबिक, बीती रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि होटल के एक कमरे में कुछ लोग हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने होटल के कमरे में दबिश दी। यहां जुआ खेलते 5 लोग मिले, जिन्हें पुलिस ने पकड़ लिया। मौके से नकदी और ताश के पत्ते जब्त किए गए।

एसपी के निर्देश पर कार्रवाई : पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना ने जिले के सभी थाना और अनुभाग प्रभारियों को अवैध शराब, हथियार, जुआ-सट्टा और मादक पदार्थों से जुड़ी गतिविधियों पर रोक लगाने और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे और नगर पुलिस अधीक्षक अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। टीम का नेतृत्व कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक गिरीश दुबे ने किया। कार्रवाई में प्रधान आरक्षक वीरेंद्र सिंह परमार, आरक्षक चेतन चौहान, आरक्षक कृष्णकांत और चालक विष्णु भगवान ठाकुर शामिल रहे।

वन विभाग के दफ्तर में ही हरियाली पर चली आरी, डीएफओ का कमेंट से इनकार

रेंज ऑफिस परिसर में हरे-भरे पेड़ों की हो रही कटाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर नाके के पास रेंज ऑफिस परिसर में बड़े पेड़ों की हरी डालियां काटी जा रही हैं। इस कटाई को लेकर वन विभाग के अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठे हैं। ताजा उदाहरण शनिवार सुबह सामने आया। शहर के इंदौर नाके के नजदीक स्थित सीहोर रेंज ऑफिस परिसर के भीतर देखने को मिला।

खुलेआम हरियाली पर प्रहार किए जाने से पर्यावरण प्रेमियों और स्थानीय नागरिकों में आक्रोश है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब वन विभाग की सुस्ती या मिलीभगत सामने आई हो। इससे पहले रेहटी क्षेत्र में भी जंगलों की बड़े पैमाने पर अवैध कटाई के मामले सामने आ चुके हैं। मामले में डीएफओ रचना पटेल ने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया है। वहीं विभाग के अन्य अफसरों का कहना है कि समय-समय पर आवश्यक कदम उठाए जाते हैं, पौधारोपण भी होता है।

विधायक राय ने केंद्रीय मंत्री की माता को दी विनम्र श्रद्धांजलि



सीहोर। ग्राम जैत पहुंचकर विधायक सुदेश राय ने स्वर्गीय काशीबाई के निधन होने पर शोक व्यक्त किया। स्वर्गीय काशीबाई केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता थीं। विधायक सुदेश राय ने स्वर्गीय काशीबाई के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की माता काशीबाई की उम्र 76 वर्ष थी। वह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के चलते अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती थी। विधायक सुदेश राय इस दुख की घड़ी में केंद्रीयकृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान उनके पुत्र कार्तिकेय सिंह सहित अन्य परिजनों से मिले और शोकाकुल परिवार के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं प्रकट की।

मक्का, सोया किसानों के हित में अवकाश में भी खुलेंगी मंडी

सीहोर। राज्य सरकार सोयाबीन और मक्का उत्पादन किसानों के लिए हितों की संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर सोया और मक्का उत्पादन किसानों की सुविधा के लिए अवकाश के दिनों में भी खरीदी के लिए मंडियां खुली रखने का निर्णय लिया गया है। किसानों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाना सर्वोच्च प्राथमिकता है। मंडी बोर्ड के सभी संयुक्त संचालक को निर्देश दिए गए है कि वे अवकाश के दिनों में भी किसानों के लिए मंडी खुली रखें। वर्तमान में प्रदेश की मंडियों में अधिसूचित कृषि उपज की आवक अधिक मात्रा में हो रही है। इस अवधि में कृषकों को अपनी कृषि उपज का शीघ्र विक्रय कर उसकी राशि प्राप्त करने की आवश्यकता रहती है। ऐसी स्थिति में मंडियों में अवकाश रहने से कृषकों को अपनी उपज के विक्रय के लिये आगामी कार्य दिवस तक प्रतीक्षा करनती पड़ सकती है, जिससे न केवल कृषि उपज के विक्रय में विलंब होगा, बल्कि कृषकों को आर्थिक एवं व्यावहारिक असुविधा का सामना भी करना पड़ेगा। कृषकों की सुविधा एवं उनके हितों को दृष्टिगत रखते हुए यह आवश्यक है कि अवकाश दिवसों में भी मंडियों में कृषि उपज के विपणन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि अनुज्ञप्तिधारी व्यापारियों के साथ आवश्यक चर्चा एवं बैठक कर समुचित समन्वय स्थापित करें।

मौत से कुछ मिनट पहले स्टेटस पर डाली गई सेल्फी बनी आखिरी याद, भीषण सड़क हादसे में पति-पत्नी और 2 साल के मासूम की मौत

बेटे के जन्मदिन पर बोलाई हनुमान जी के दर्शन करने गया था परिवार



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

शाजापुर जिले के सारंगपुर-अकोदिया मार्ग पर शनिवार दोपहर एक ऐसा दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसने सुनने वाले हर शख्स के रोंगटे खड़े कर दिए। अपने दो साल के इकलौते बेटे के जन्मदिन पर खुशी-खुशी बोलाई हनुमान मंदिर दर्शन करने गए एक हंसते-खेलते परिवार की कुछ ही पलों में उजड़ जाने की यह कहानी बेहद झकझोर देने वाली है। हादसे से कुछ देर पहले ही परिवार ने सोशल मीडिया पर जो सेल्फी स्टेटस पर डाली थी, वह उनकी जिंदगी की आखिरी याद बनकर रह गई।

आष्टा की इंद्र कॉलोनी में रहने वाले अजित पंवार, उनकी पत्नी पूजा और उनका दो साल का बेटा शिवांशु शनिवार को अपने बेटे के जन्मदिन के खास मौके पर बोलाई हनुमान मंदिर गए थे। मंदिर जाने और वहां दर्शन करने से ठीक पहले उन्होंने एक सेल्फी खींचकर अपने सोशल मीडिया स्टेटस पर अपलोड की थी। किसी ने सपने में भी नहीं सोचा था कि कुछ ही पलों में यह तस्वीर उनकी आखिरी सेल्फी साबित होगी और पूरा परिवार इस दुनिया से विदा हो जाएगा।

अचानक कुत्ता सामने आने से हुआ भयानक हादसा

सलसलाई थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 12.30 बजे जब यह परिवार मंदिर से दर्शन कर अपनी बाइक से वापस लौट रहा था, तभी गोदना गांव के पास अचानक सडक़ पर एक कुत्ता सामने आ गया। कुत्ते को बचाने के लिए चालक अजित ने जैसे ही बाइक की ब्रेक लगाई, ठीक उसी वक्त पीछे से तेज रफ्तार से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार अजितए उनकी पत्नी पूजा और मासूम बेटे शिवांशु तीनों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

ग्रामीणों ने कपड़ों से ढंके शव, सोशल मीडिया से हुई पहचान

हादसे के बाद सडक़ पर बिखरे शवों को देख मौके पर मौजूद ग्रामीण और खेतों में काम कर रहे मजदूर तुरंत दौडक़र घटनास्थल पर पहुंचे। दिल दहला देने वाले इस मंजर को देख ग्रामीणों ने तुरंत मानवता का परिचय देते हुए शवों को कपड़ों से ढंका और पुलिस को सूचना दी। शुरुआत में मृतकों की पहचान नहीं हो पा रही थी, जिसके बाद आसपास के लोगों ने उनकी तस्वीरें और हादसे की जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की। तब जाकर उनकी शिनाख्त हो पाई। सूचना मिलते ही डायल 112 और सलसलाई थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और तीनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर जिलेभर में आयोजित हुए शपथ कार्यक्रम



सीहोर। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर जिलेभर में राष्ट्रीय एकता की शपथ के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों एवं जिला चिकित्सालय में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों और स्वास्थ्यकर्मियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ ली। कार्यक्रमों में सभी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने तथा सरदार वल्लभभाई पटेल के आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान राष्ट्र की एकता, आपसी सद्भाव, भाईचारे और देश की सुरक्षा के प्रति समर्पण भाव से कार्य करने का संदेश दिया गया।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर 'एकता दौड़' आयोजित हुई

अधिकारियों, छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने दिया एकता और अखंडता का संदेश





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस पर राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में 'एकता दौड़ (रन फॉर यूनिटी)' का आयोजन किया गया। एकता दौड़ में कलेक्टर बालागुरू के., पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे एवं एसडीएम तन्मय वर्मा, विद्यार्थियों और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं सुरक्षा बनाए रखने की शपथ भी ली। एकता दौड़ के माध्यम से देश की एकता, अखंडता और आपसी सौहार्द का संदेश दिया गया। अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने दौड़ में शामिल होकर राष्ट्र की एकता और सामूहिक शक्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना और देश की एकता एवं अखंडता के लिए समर्पित रहने की प्रेरणा देना रहा। इस अवसर पर सभी ने संकल्प लिया कि वे देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सदैव समर्पित रहेंगे तथा समाज में आपसी भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देंगे। अधिकारियों ने संदेश दिया कि एकता ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति है और एकजुट भारत ही सशक्त एवं समृद्ध भारत का आधार है।



खबर संक्षेप

विधायक इंजीनियर का जन्मदिन आज



आष्टा। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का जन्मदिन आज मनाया जाएगा। भाजपा के आठो मंडलो के समस्त कार्यकर्ताओं द्वारा स्थानीय गोकुलधाम में दोपहर 12 बजे से विधायक का स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जन्मदिन पर उक्त स्वागत सम्मान समारोह को लेकर कार्यकर्ताओं ने बड़े स्तर पर आयोजन को आयोजित करने की तैयारियां की है। जानकारी के अनुसार विधायक इंजीनियर सुबह 8 बजे से विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भगवान के दर्शन कर दर्शन, पूजन,अभिषेक कर भगवान का आशीर्वाद लेंगे व आचार्य विद्यासागर गौशाला हकीमाबाद पहुंचकर गौ माता की पूजन कर गौमाता की सेवा कर आशीर्वाद लेंगे। 10 बजे से लेकर 12 तक नगर में विभिन्न संगठनों, व्यापारी संघों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक का स्वागत सम्मान एवं तुलादान के कार्यक्रम आयोजित किए गए है। 12 बजे विधायकगोकुलधाम पहुंचेंगे जहां पर आष्टा विधानसभा क्षेत्र के समस्त भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा विधायक श्री गोपाल सिंह इंजीनियरिंग का स्वागत और सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। जिसमें आष्टा विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर तक के कार्यकर्ता एवं आष्टा विधानसभा क्षेत्र की 144 पंचायतों के जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे व विधायक को उनके जन्मदिन पर बधाई देकर उनका स्वागत और सम्मान करेंगे। अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में गोकुलधाम पहुंचकर आयोजित कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति प्रदान करें।

किसानों को विधायक ने दी सौगात, सोलर सिस्टम से 24 घंटे मिलेगा पानी

नर्मदा-पार्वती लिंक परियोजना का शुभारंभ 75,000 हेक्टेयर कृषि भूमि होगी सिंचित

नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना से 227 गांवों के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ खाचरोद



शुक्रवार को खाचरोद में क्षेत्र के अन्नदाताओं के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने किसानों को नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना के माध्यम से बड़ी सौगात देते हुए परियोजना का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरुआत मां नर्मदा की विधिवत पूजा-अर्चना और चुनरी अर्पित कर की गई।शुभारंभ कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि आष्टा क्षेत्र के लिए नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना एक जीवनदायिनी योजना है। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने कार्यकाल में इसे स्वीकृत कर इसका भूमिपूजन किया था। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में यह महत्वाकांक्षी योजना धरातल पर तेजी से आगे बढ़ी है और आज हम सब इसकी शुरुआत कर रहे हैं। जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इसका भव्य लोकार्पण भी करेंगे।

परेशान किसानों को मिलेगी राहत

विधायक ने कहा कि इस साल अल्प वर्षा के कारण हमारे अन्नदाता किसान भाई बहुत परेशान थे। पलेवा और सिंचाई को लेकर चिंता बनी हुई थी। लगातार भूजल दोहन के कारण आष्टा विधानसभा क्षेत्र में जलस्तर काफी नीचे चला गया है।उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और सीहोर में हुई दिशा की बैठक में जो तथ्य सामने आए थे, वे बेहद चिंताजनक थे। हम जमीन से लगभग 80 प्रतिशत पानी का दोहन कर चुके हैं। यही कारण है कि अब 450 से 500 फीट तक बोर खनन करने पर भी पानी नहीं निकलता। किसानों की इस पीड़ा को समझते हुए मैं पिछले दिनों भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिला और उन्हें अल्प वर्षा के कारण उत्पन्न हालातों से अवगत कराया। मैंने आग्रह किया कि किसानों को समय से पहले नर्मदा का पानी देना ही होगा। संवेदनशील मुख्यमंत्री ने हमारी बात को गंभीरता से सुना और सभी के प्रयासों से आज वह दिन आ गया है जब नर्मदा का जल किसानों के खेतों तक पहुंचने जा रहा है।

227 गांवों के किसानों को होगा लाभ

विधायक ने बताया कि नर्मदा पार्वती लिंक परियोजना से लगभग 227 गांवों के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचेगा, जिससे 75,000 हेक्टेयर कृषि भूमि सिंचित होगी। हर खेत हरा-भरा नजर आएगा। जावर क्षेत्र के 19 गांव जो नर्मदा-कालीसिंध योजना से जुड़े हैं, उनमें 1 नवंबर को नर्मदा का जल छोड़ा जाएगा।इसके साथ ही हर खेत पर नर्मदा का पानी पहुंचेगा तो कोई भी खेत सूखा नहीं रहेगा। हर खेत फसलों से लहलहाएगा। किसान अब दो की जगह तीन फसल ले सकेंगे। आय बढ़ेगी, बाजार में पैसा आएगा, व्यापार बढ़ेगा और मोदी जी एवं डॉ. मोहन यादव का विकसित भारत का सपना साकार होगा।



सोलर सिस्टम से 24 घंटे मिलेगा पानी

उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत विधानसभा क्षेत्र के गांवों में लगभग 3500 पेटियां लगाई गई हैं। हर पेटी में 6 से 8 कनेक्शन हैं। यह पूरी तरह ऑटोमेटिक है और सोलर सिस्टम से ऑपरेट होगी। इसमें न तो लाइट की जरूरत है और न ही इसे चलाने की। किसानों को 24 घंटे भरपूर पानी मिलेगा।इस मौके पर ग्राम पंचायत खाचरोद सरपंच शंकर पटेल जाट और विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर द्वारा मंचासीन अतिथियों, सभी मंडल अध्यक्षों, सरपंचों, अन्नदाताओं और एलएंटी के अधिकारियों का साल-श्रीफल से स्वागत किया गया।

पूर्व प्राधिकरण उपाध्यक्ष मिश्रा का निधन

देवास। वरिष्ठ समाजसेवी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं देवास विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष स्व. सुभाष चंद्र वेणीमाधव मिश्रा का 78 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही देवास में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. मिश्रा सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के साथ जनता बैंक के पूर्व संचालक भी रहे।उनके निधन पर मां चामुंडा सेवा समिति के रामेश्वर जलोदिया, छोटू मिश्रा, जयसिंह ठाकुर, योगेंद्र ठाकुर, संजय सिंह चौहान, निशांत मिश्रा, कपिल मिश्रा सहित अनेक समाजसेवियों एवं गणमान्य नागरिकों ने शोक व्यक्त किया।



आनंद आश्रम में कन्या भोज संपन्न

सोनकच्छ। अखंड तीर्थ आनंद आश्रम में शारदीय नवरात्रि के अवसर पर मां दुर्गा सप्तशती पाठ अनुष्ठान की पूर्णाहुति के बाद 30 अक्टूबर को कन्या भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां दुर्गा एवं गुरुदेव की आरती के बाद कन्याओं का पाद पूजन कर उन्हें भेंट प्रदान की गई। इस अवसर पर संत आत्मानंद महाराज, जनपद अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर, अजय सिंह बघेल, बाबूलाल परमार, राधेश्याम जोशी, सौभाग सिंह ठाकुर, ओमप्रकाश पाटनी सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय एकता दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित

विद्यार्थियों के लिए हुई भाषण प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

नगर में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती एवं राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शासकीय महाविद्यालय जावर नगर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रेड क्रॉस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता एवं देश की संप्रभुता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्र निर्माण में सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए। इसके साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं देशभक्ति की भावना को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया।कार्यक्रम के अंतिम चरण में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में बालक वर्ग में प्रथम स्थान मनीष बी.एससी. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कुलदीप बी.ए. तृतीय वर्ष एवं तृतीय स्थान शिवम खत्री द्वितीय वर्ष ने प्राप्त किया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान खुशी श्रीवास्तव बी.ए. तृतीय वर्ष, द्वितीय स्थान कल्पना बी.एससी. प्रथम वर्ष एवं तृतीय स्थान शिवानी मालवीय बी.ए. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक सद्भाव, देशभक्ति एवं संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता विकसित करना रहा। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र की एकता और अखंडता बनाए रखने तथा देश की प्रगति में सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया गया।

बालक छात्रावास, जूनियर बालिका छात्रावास स्वीकृत

सीहोर। प्रदेश में अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रदेश के 14 जिलों में लगभग 68 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से 50 सीटर क्षमता वाले 16 नवीन छात्रावास भवनों के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक छात्रावास भवन का निर्माण लगभग 4 करोड़ 29 लाख 99 हज़ार रुपये की लागत से किया जाएगा और इसे आगामी 24 माह की समय-सीमा में पूर्ण किया जाएगा। प्रत्येक छात्रावास भवन का निर्माण मानक अनुसार 1401.20 वर्ग मीटर के बिल्ट-अप एरिया में किया जाएगा। विद्यार्थियों के सुगम आवास और नियमित अध्ययन के लिए मुख्य भवन में 25 आवासीय कक्ष, डाइनिंग हॉल, किचन, स्टोर रूम, आधुनिक लाइब्रेरी, कंप्यूटर कक्ष और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग कक्ष का निर्माण किया जाएगा।साथ ही परिसर में छात्रावास अधीक्षक के लिए आवासीय गृह, चौकीदार कक्ष और 3 यूनिट सुव्यवस्थित शौचालय एवं स्नानागार का निर्माण होगा।

